# इंदौर वन क्षेत्र में बाघ-तेंदुए की मौजूदगी के मजबूत संकेत

- एआईटीई-2026 का फील्ड अभ्यास पूरा

**इंदौर. इंदौर वन मंडल में ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन 2026 के फील्ड चरण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है. यह अभ्यास न सिर्फ मध्य भारत में दीर्घकालिक वन्यजीव निगरानी की दिशा में अहम माना जा रहा है, बल्कि प्रारंभिक आंकड़ों में बाघ और तेंदुए की बढ़ती मौजूदगी भी सामने आई है, जो पारिस्थितिकी संतुलन के लिहाज से सकारात्मक संकेत है.**

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय फ्रेमवर्क के तहत हुए इस सर्वेक्षण में इंदौर क्षेत्र में मांसाहारी जीवों की उपस्थिति, शाकाहारी प्रजातियों की स्थिति, आवास की गुणवत्ता और मानवीय दबावों का वैज्ञानिक आकलन किया गया. इंदौर



वन मंडल का कुल वन क्षेत्र लगभग 700 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें से करीब 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कैमरा ट्रैपिंग के लिए चुना गया. पूरे चयनित क्षेत्र को 2 वर्ग किलोमीटर के ग्रिड में बांटकर व्यवस्थित कवरेज सुनिश्चित की गई. कैमरा ट्रैपिंग का कार्य वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट के तकनीकी सहयोग से किया गया.

इस बार सर्वे से पहले इंदौर वन मंडल ने दो दिवसीय प्री-एआईटीई मॉक अभ्यास भी आयोजित किया, जो मंडल स्तर पर पहली बार किया गया प्रयोग रहा. इसमें मांसाहारी और शाकाहारी जीवों के चिन्हों की पहचान व आवास आकलन पर अलग-अलग फोकस किया गया, जिससे फील्ड स्टाफ को वास्तविक गणना से पहले पहचान, डेटा रिकॉर्डिंग और प्रोटोकॉल के पालन का बेहतर अभ्यास मिला. प्रशिक्षण के दौरान एम-स्ट्राइप्स डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी व्यवहारिक प्रदर्शन कराया गया, ताकि सभी बीटों में डेटा संग्रह एकरूप और वैज्ञानिक रूप से भरोसेमंद रहे.

**इंदौर वन मंडल की 102 बीटों में किया गया सर्वेक्षण** -इस दौरान इंदौर वन मंडल की 102 बीटों में सर्वेक्षण किया गया. इसमें चोरल, महू, मानपुर और इंदौर रेंज के साथ रालामंडल वन्यजीव अभयारण्य को शामिल किया गया. फील्ड टीमों ने फेज-1 प्रोटोकॉल के अनुसार बाघ और तेंदुए के अप्रत्यक्ष चिन्ह, शाकाहारी जीवों की उपलब्धता, वन संरचना और मानवीय गतिविधियों के संकेतों का रिकॉर्ड तैयार किया.

## बाघ और तेंदुए की उपस्थिति में वृद्धि के संकेत

प्रारंभिक बीट स्तरीय आंकड़ों से संकेत मिले हैं कि पिछले चक्रों की तुलना में बाघ और तेंदुए दोनों की उपस्थिति में बढ़ोतरी हुई है. वर्ष 2018 में जहां इंदौर क्षेत्र में बाघ के चिन्ह नहीं मिले थे, वहीं अब कई रेंजों में उसकी नियमित मौजूदगी सामने आ रही है. चोरल रेंज कोर हैबिटेट के रूप में उभर रही है, जबकि अन्य रेंज सह-अस्तित्व और विस्थापन क्षेत्रों की भूमिका निभा रही हैं. तेंदुए की उपस्थिति सभी रेंजों में स्थिर बनी हुई है, जिससे इंदौर क्षेत्र एक बहु-मांसाहारी परिदृश्य के रूप में स्थापित हो रहा है. वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, यह सकारात्मक बदलाव आवास सुधार, वृक्षारोपण, शिकार-आधार मजबूत करने, सतत गश्त, फसल और मवेशी क्षति पर त्वरित मुआवजा तथा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के साथ बेहतर समन्वय का परिणाम है. इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष को नियंत्रित रखने में मदद मिली है और ग्रामीण क्षेत्रों में संरक्षण के प्रति स्वीकार्यता बढ़ी है. इंदौर से एकत्र किए गए आंकड़ों को अब फेज-2 से फेज-4 के तहत राष्ट्रीय डेटासेट में शामिल किया जाएगा, जिसमें रिमोट सेंसिंग और सांख्यिकीय विश्लेषण किया जाएगा. राष्ट्रीय स्तर की रिपोर्ट मध्य-2026 तक जारी होने की संभावना है. फील्ड चरण की सफलता के साथ इंदौर वन मंडल मध्य भारत में बाघ और तेंदुआ संरक्षण के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में अपनी मजबूत पहचान दर्ज करा रहा है.

# पार्षद पुत्र के ऑफिस में तोड़फोड़ और धमकी देने वाले 3 धराए

- महाकाल की सवारी पर थूकने की घटना से जुड़ा है मामला
- गवाही से पीछे हटने की धमकी देकर भाग गए थे आरोपी, 3 की तलाश जारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** वार्ड-19 के भाजपा पार्षद के बेटे के ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ करनेऔर धमकी देने के मामले में बाणगंगा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि, अन्य की तलाश जारी है. घटना 20 दिसंबर की है, जब छह युवक दो बाइक से ऑफिस पहुंचे थे. इनमें से एक ने चाकू दिखाकर धमकाया और कहा कि अगर उज्जैन में महाकाल सवारी के दौरान थूकने की घटना से जुड़े मामले में गवाही से पीछे नहीं हटे तो अंजाम भुगतना पड़ेगा. इसी दौरान हुई झूमा झटकी में ऑफिस में मौजूद दो महिला कर्मचारी घायल हो गईं.

पीड़ित मासूम जायसवाल ने पुलिस को बताया कि घटना से पहले उनके पास फोन आया था. कॉल करने वाले ने खुद को उज्जैन के नजरपुर निवासी शाहरुख उर्फ जलील खान बताते हुए हिंदू-मुस्लिम विवाद की बात कहकर बाहर निकलकर मिलने की धमकी दी. मासूम ने शांतिपूर्वक बातचीत की बात कही, लेकिन कुछ ही घंटों बाद दोपहर करीब दो बजे आरोपी शाहरुख अपने पांच साथियों के साथ चाकू लेकरऑफिस में घुस आया और उज्जैन में महाकाल सवारी के दौरान थूकने की घटना से जुड़े मामले में गवाही से पीछे हटने की धमकी दी. इसी दौरान हुई झूमा झटकी में ऑफिस में मौजूद महिला कर्मचारी अनीता और मीरा बाई घायल हो गईं. हमलावरों ने ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ भी की.

### महाकाल सवारी थूक कांड से जुड़ा हो सकता है मामला

पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई 2023 को उज्जैन में महाकाल की सवारी के दौरान छत से कुल्ला कर थूकने की घटना हुई थी. उस समय मासूम जायसवाल ने अपने मोबाइल से वीडियो बनाया था, जो बाद में वायरल हुआ था. वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी. बाद में मामले में दो गवाहों ने अपने बयान बदल दिए थे, लेकिन मासूम ने अपनी गवाही नहीं बदली.

### प्रशासन ने ढहाया था आरोपी के घर का अवैध निर्माण

महाकाल सवारी के दौरान हुई थूकने की इस घटना के बाद प्रशासन ने आरोपी के घर पर पहले ही बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ढहाने की कार्रवाई की थी. कार्रवाई के दौरान टंकी चौक इलाके की दुकानों को बंद रखा गया था, वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई का एआईएमआईएम नेता तौकीर निजामी ने विरोध करते हुए इसे भाजपा सरकार के इशारे पर की गई कार्रवाई बताया था.

# इंदौर में पार्षद ऑफिस के पास बोरे में मिला नवजात

- रोने की आवाज सुनकर राहगीर ने दी पुलिस को सूचना

**इंदौर. वार्ड 85 के भाजपा पार्षद के कार्यालय के नजदीक एक नवजात को बोरे में भरकर कचरे के ढेर में फेंक गया. इसके बाद एक राहगीर ने उसकी आवाज सुनी. फिर पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना दी. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया. बच्चे का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है.**

घटना शहर के द्वारकापुरी थानांतर्गत प्रजापत नगर की है. यहां सोमवार रात साईं बाबा मंदिर के पास संकरी गली में कोई नवजात को बोरे में



बंद कर कचरे के ढेर में फेंक गया. घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था. एक राहगीर ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी और जब बोरे में झांककर देखा, तो उसमें नवजात शिशु था. इसके बाद राहगीर ने पुलिस को सूचना दी. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया. उसे कौन फेंक कर गया, इसका पता लगाया जा रहा है. पुलिस आसपास के कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं. क्षेत्र के नर्सिंग होम में भी पता लगाया जा रहा है कि दो से तीन दिन में कितनी डिलीवरी हुई है.

पुलिस के अनुसार, इंदौर नगर निगम के यातायात प्रभारी और वार्ड 85 ( प्रतापत नगर ) के भाजपा पार्षद राकेश जैन के कार्यालय के समीप एक सफेद बोरे में शिशु को रात के समय फेंका गया. रोते हुए बच्चे को देखकर राहगीर ने द्वारकापुरी पुलिस थाने को सूचना दी. मौके पर पुलिस पहुंची और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई. मौके पर कचरे का ढेर भी लगा था. डॉक्टरों के अनुसार, नवजात का जन्म दो से तीन दिन पहले हुआ है. नवजात की तबीयत ठीक है, वह डॉक्टरी देखरेख में है. इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है.

# शराब पीकर ड्यूटी करने वाले एएसआई को किया पदावनत

- ऑपरेशन क्लीन में एक और पुलिसकर्मी एएसआई रामेश्वर परमार पर गिरी गाज

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पुलिस विभाग में ऑपरेशन क्लीन के तहत जहां बाहर की व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है, वहीं विभाग के भीतर भी कार्रवाई लगातार हो रही है. जिसके तहत एक एएसआई पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे पदावनत कर दिया गया है.

थाना तिलक नगर क्षेत्र में एफआरवी ड्यूटी के दौरान एएसआई रामेश्वर परमार को अत्यधिक शराब के नशे में सोता हुआ पाया था. इतना ही नहीं, ड्यूटी पर मौजूद साथी कर्मचारियों के साथ उसके अभद्र व्यवहार की शिकायत भी सामने आई. मामले की जांच के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने एएसआई को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के लिए पदावनत कर प्रधान आरक्षक बना दिया. पुलिस सूत्रों के मुताबिक संबंधित पुलिसकर्मी पहले भी शराब पीने और आमजन व कर्मचारियों से बदसलूकी के मामलों में दंडित हो चुका है. लगातार लापरवाही और अनुशासनहीनता को गंभीर मानते हुए यह कार्रवाई की गई. अब संबंधित पुलिसकर्मी वर्ष 2029 में सेवानिवृत्ति तक प्रधान आरक्षक के पद पर ही कार्य करेगा.

## एक नजर में

### श्री एकेडमी में वार्षिक खेल महोत्सव शक्ति संग्राम 2.0 शुरू





महू. ग्राम कोदरिया स्थित श्री एकेडमी में वार्षिक खेल महोत्सव शक्ति संग्राम 2.0 का शुभारंभ किया गया. आयोजन का शुभारंभ श्री अकादमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार और खेल शिक्षकों ने मैदान का पूजन करके किया. विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव के तहत प्री प्राइमरी और प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस , 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, जंपिंग जैक फ्रॉग रेस का आयोजन किया गया. इस आयोजन में सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा अध्यापिकाओं के साथ प्रतिभागिता की. सभी विजेता विद्यार्थियों को आयोजन के समापन पर मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम का संचालन ललतेश बैरागी,राजेश पाटीदार ने किया. संयोजन कोच सुदर्शन पाटीदार, अभिषेक पटवारी, अनुराग मुकाती ने प्राचार्या डॉ. हेमलता पाटीदार के निर्देशन में किया. आभार प्री प्राइमरी विभाग प्रभारी रीतिका भादव्या ने माना.

### संगीत निशा : देर रात तक सुर साधकों ने दीं सुमधुर प्रस्तुतियां



महू. सुरों के बादशाह मो रफी साहब के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर हीमेन सुपर स्टार धर्मेन्द्र पर फिल्माए गीतों पर आधारित दीपक जाजू मित्र मंडल की संगीत निशा में मंडल के सुर साधकों ने देर रात तक उम्दा सुरीले नगमों की प्रस्तुतियां दीं. यह जानकारी देते हुए मंडल के मीडिया प्रभारी विजय परदेशी ने बताया कि दो सत्रों में आयोजित संगीत निशा का पहला सत्र शाम 6 बजे से प्रारम्भ हुआ, जिसमें कई नवोदित गायकों ने भी अपने गीतों की प्रस्तुतियां से समां बांध दिया. समय अभाव में कई गायक अपनी प्रस्तुति नहीं दे पाये. दूसरा सत्र रात 8 बजे प्रारम्भ हुआ, जिसमें वरिष्ठ सुर साधक सुरेश मोरे, अरुण जोशी-मेघा मकरानी कु. अजय सिंह-वर्षा सिंह, जेबी सिंह, महेन्द्र चतुर्वेदी, कमलेश य़ादव, संजय य़ादव, राजीव परदेशी, विजय परदेशी-पायल परदेशी, सुनील कौशल-शिखा कश्यप, सुनीता-वीरेंद्र कोंगे ने सदबहार गीतों की उम्दा प्रस्तुतियों से संगीतप्रेमियों को अंत तक बांधे रखा. इस अवसर पर बीके पाल, विजय पाटीदार, सुनीता लाहोरे, मीना ठाकुर, कलावती भनारिया, विजय शर्मा, उन्नति कामले, उमा शर्मा, योगेश अग्रवाल, मो सलीम, मो यूसुफ, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव आदि ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं.

### ट्रैक्टर रैली : किसानों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में



महू. मनमाड़ रेलवे लाइन व आउटर रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण मामले में किसानों को गाइडलाइन से चार गुना मुआवजा देने और खाद व फसलों का उचित दाम देने की मांग को लेकर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जीतू ठाकुर के नेतृत्व में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली और नुक्कड़ सभा की. इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा गया. यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने दी. इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, राधेश्याम मुवेल,जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, रुक्मणी निनामा, रूमा भूरू भाई, रामेश्वर पटेल, अशोक सैनी, यदुनंदन पाटीदार, बाबूलाल भूत, कमल चौधरी, दौलत पटेल, विश्वजीत ठाकुर, जुगनू जादवसिंह धनावत, शक्तिसिंह गोयल, शुभांगना राजे दरबार,जनपद प्रतिनिधि चंदरसिंह ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान उपस्थित थे.

# पोषण पुनर्वास केंद्र की देखभाल से स्वस्थ हुआ नन्हा बच्चा

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** जन्म के समय केवल 1.6 किग्रा वजन वाले नन्हे अयान की जान समय पर पोषण पुनर्वास केंद्र की देखभाल से बच गई. केंद्र में विशेषज्ञों द्वारा सही पोषण और लगातार निगरानी के चलते अब अयान पूरी तरह स्वस्थ है.

ग्राम सोडलियापुरा, ब्लॉक नालछा, जिला धार निवासी आरती और उनके पति घनश्याम के घर जन्मे बच्चे अयान का वजन जन्म के समय केवल 1.6 किग्रा था. समय से पूर्व जन्म और कमजोर स्वास्थ्य के कारण अयान को मानपुर स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया. केंद्र में आने पर अयान 1.7 किग्रा का था और



मां का दूध पीने में असमर्थ था. सीएमएचओ माधव हसानी ने बताया कि बच्चे को मां के दूध के साथ एफ-100 डयल्यूटेड आहार दिया गया और विशेषज्ञों की सतत निगरानी में रखा. उन्होंने कहा कि 11वें दिन ही अयान ने निर्धारित वजन प्राप्त कर लिया. सुरक्षा और स्वास्थ्य कारणों से उसे 21 दिन तक केंद्र में रखा गया. इसके बाद अयान 2.275 किग्रा वजन के साथ डिस्चार्ज हुआ. इसके बाद नियमित फॉलोअप के दौरान उसका वजन लगातार बढ़ा और 2.395 किग्रा, के बाद 2.595 किग्रा और 15 दिसंबर 2025 को 2.860 किग्रा तक पहुंच गया. अयान के माता-पिता ने पोषण पुनर्वास केंद्र और चिकित्सकों के प्रयासों, मार्गदर्शन एवं परामर्श के लिए विशेष धन्यवाद दिया.

# अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड में फंसी 3.72 करोड़ की रकम रिकवर

- स्टेट साइबर सेल को मिली बड़ी कामयाबी
- इंदौर की कंपनी को दोबारा भुगतान कराने की थी साजिश

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर की निजी कंपनी शिवगंगा डीलर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए करोड़ों के अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड को स्टेट साइबर सेल ने समय रहते नाकाम कर दिया. भारतीय साइबर पोर्टल से न सिर्फ अमेरिकी साइबर पोर्टल तक समन्वय कर 3.72 करोड़ रुपए की रकम फ्रीज कराई, बल्कि पूरी राशि डॉलर में कंपनी को वापस दिला दी.

स्टेट साइबर सेल थाना प्रभारी




दिनेश वर्मा ने बताया कि शिवगंगा डीलर्स ने भारतीय साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी. कंपनी को अमेरिका के ह्यूस्टन स्थित अपने वेंडर इनोवेक्स इंटरनेशनल इंक को 4 लाख 15 हजार 17 डॉलर का भुगतान करना था. इसी दौरान साइबर ठगों ने बिजनेस ईमेल कंप्रोमाइज और स्पूफ ईमेल के जरिए भुगतान की रकम अमेरिका की जेपी मॉर्गन बैंक के एक संदिग्ध खाते में ट्रांसफर करवा ली. रकम ट्रांसफर होने के बाद ठगों ने फिर से स्पूफ ईमेल भेजकर भुगतान रिजेक्ट होने की बात कही और दूसरे खाते में दोबारा भुगतान कराने की कोशिश की. इस पर कंपनी को शक हुआ और वेंडर से सीधे फोन पर बात की गई. वेंडर ने बताया कि उनके खाते में कोई रकम नहीं पहुंची है. इसके बाद कंपनी ने तुरंत स्टेट साइबर सेल से संपर्क किया. मामला अंतरराष्ट्रीय होने के चलते अमेरिका के साइबर पोर्टल पर भी शिकायत की गई. दोनों देशों के पोर्टल के जरिए बैंक से संपर्क कर रकम होल्ड कराई गई और पूरी राशि सुरक्षित तरीके से इंदौर की कंपनी को वापस दिला दी गई.

# इन्फ्लूएंसर और पुलिसकर्मी के बीच विवाद का वीडियो वायरल

- नशे में कार हादसे के बाद बढ़ गया मामला, जांच में जुटी पुलिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र से जुड़ा एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और पुलिसकर्मी के बीच तीखी नोकझोंक होते नजर आ रहा है. वीडियो में खुद को इन्फ्लूएंसर बताने वाला सोनू हेड कांस्टेबल को थप्पड़ मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी देता दिख रहा है. मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.**

घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है, स्कीम नंबर 136 स्थित जंगल



कैफे के बाहर बनी नर्सरी में एक कार अनियंत्रित होकर घुस गई थी. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार में सवार तीन युवक नशे में थे. टक्कर के दौरान आसपास खड़े कई वाहनों को नुकसान पहुंचा. भीड़ जमा होते ही कार सवार युवक मौके से भाग निकले, जबकि ड्राइवर राहुल घायल हो गया. कार के भीतर से शराब की बोतलें मिलने की भी बात सामने आई है. सूचना पर हेड कांस्टेबल खेम सिंह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे. इसी दौरान वहां मौजूद इन्फ्लूएंसर सोनू से उनकी कहासुनी हो गई थी. सोनू ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी ने उसे थप्पड़ मारा, जबकि मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि इन्फ्लूएंसर खुद ही पुलिस पर दबाव बना रहा था.

पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारने की धमकी, माफी मांगने का दबाव बनाने का आरोप बहस के दौरान उसने पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारने की धमकी दी और सोशल मीडिया पर वीडियो डालने की बात कहकर माफी मांगने का दबाव बनाया. वीडियो में सोनू यह कहते भी नजर आ रहा है कि उसके करोड़ों फॉलोअर्स हैं और माफी नहीं मांगी गई तो अंजाम भुगतना पड़ेगा. वहीं, पुलिसकर्मी घायल ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाने की बात करते रहे.

# एटीएम में सेंधमारी की कोशिश कैमरा और की-पैड तोड़े

**इंदौर.** शहर में एटीएम को निशाना बनाकर चोरी के प्रयास का मामला सामने आया है. बदमाशों ने एटीएम केबिन में घुसकर मशीन में जमकर तोड़फोड़ की और सुरक्षा उपकरणों को नुकसान पहुंचाया. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के असरावद फाटा पर स्थित एटीएम की है. यह एटीएम 'इंडिया वन' कंपनी का है. कंपनी के अधिकारी अमित बाहेती पिता रामचंद्र बाहेती निवासी सुदामा नगर ने शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे वे एटीएम की नियमित जांच के लिए पहुंचे थे. मौके पर पहुंचते ही देखा कि मशीन के साथ गंभीर छेड़छाड़ की गई है. घटना की जानकारी तुरंत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को दी गई.

फरियादी ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात बदमाशों ने चोरी की नीयत से एटीएम का हैंडल, की-पैड लॉक और डोर लॉक तोड़ दिया था. इसके अलावा पहचान छिपाने के उद्देश्य से एटीएम के भीतर लगा सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त कर दिया था. सूचना मिलने पर तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तोड़फोड़ और चोरी के प्रयास का मामला दर्ज किया.

**मास्टर प्लॉन के तहत किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण के कार्य में लग रहे पक्षपात के आरोप**

# सड़क चौड़ीकरण : कहीं भी कभी भी कर दिया जा रहा रद्दोबदल



**इंदौर.** शहर में मास्टर प्लॉन के तहत सडक़ चौड़ीकरण के काम में अनियमितताओं और प्लॉन में बदलाव को लेकर शिकायतें हैं. मास्टर प्लॉन के अंतर्गत सडक़ चौड़ीकरण के कार्य में कहीं भी कभी भी रद्दो-बदल कर दिया जा रहा है. कई लोगों के वैध मकानों और दुकानों पर बुलडोजर चल रहा है, जिससे लोगों को भारी नुकसान हो रहा है, जबकि अधिकारी विकास और भविष्य के ट्रैफिक के लिए इसे जरूरी बता रहे हैं और अवैध निर्माण पर कार्रवाई कर रहे हैं और लोगों को मुआवजे की बजाय विस्थापन का सामना करना पड़ रहा है.

एक बार फिर खजराना का मास्टर प्लॉन सुर्खियों में है. स्टार चौराहा से बड़ा मदरसा तक तय की गई सेंटर लाईन के मुताबिक करीब सौ फीट तक चौड़ा किया जा रहा है. इसमें बदलाव करते हुए रिंग रोड से कालका मंदिर तक साठ फीट कर दिया गया. बदलाव की हद तो तब देखने को मिली, जब एक तरफ के भवनों को बचाने के लिए एक निवेदन पर जमजम चौराहा से बड़ा मदरसा तक बनने वाले मार्ग की सेंटर लाईन में ही बदलाव कर दिया गया. इस मार्ग पर खड़े होकर देखा जाए तो तीन दशकों से सडक़ सेंटर लाईन से बना हुआ है, लेकिन अब नगर निगम द्वारा तंजिम नगर के भवनों के आगे बने आधे फुटपाथ पर निशान लगाकर सेंटर लाईन बना दिया गया. इससे करीब डेढ़ सौ मकान प्रभावित हो जाएंगे और सैकड़ों परिवार बेघर हो जाएंगे. तंजिम नगर के रहवासी न्याय के लिए कलेक्टर, निगम आयुक्त और महापौर तक गुहार लगाई गई, जहां से उन्हें टीएनसी विभाग पहुंचा दिया गया. अब रहवासियों को वहां से भी धकेला जा रहा है. अब सवाल यह है कि एक ही मार्ग के एक ही मास्टर प्लॉन में कितने बदलाव किसके इशारे पर किए जा रहे हैं.

## यह बोले प्रभावित नागरिक ...



हम विकास के सहयोगी हैं, लेकिन सडक़ के मध्य हिस्से को छोडक़र एक तरफ के फुटपाथ से सेंटल लाईन बना रहे हैं. कॉलानियों के अवैध-वैध को लेकर कुछ लोग भ्रम फैलाकर प्रशासनिक अधिकारी कार्य को भटका रहे हैं.

– मोहम्मद जावेद खान



सडक़ की चौड़ाई से हमें आपत्ति नहीं हैं, लेकिन 1500 मीटर मार्ग के बाद जमजम चौराहा से बड़े मदरसा वाली एक सेंटर लाईन को अलग कर आउट कर दिया गया है. यह सब मिलीभगत से हो रहा है, जो उचित नहीं है.

– इमरान खान



मेरे मकान की 70 वर्ष पुरानी रजिस्ट्री है. ग्राम पंचायात का नक्शा है. टैक्स भरते हैं. हम विकास के खिलाफ नहीं हैं, सहयोगी हैं, लेकिन पक्षपात करते हुए सेंटर लाईन आउट कर सामने वाले रहवासियों को सुरक्षित कर दिया है. शासन प्रशासन हमारे लिए न्याय करें.

– बबलू मलंग